प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
30.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में साझा करेंगे अपने विचार ।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता आज लोकभवन में प्रदेश उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों व एक अतिरिक्त न्यायाधीश को दिलाएंगे शपथ।
- जनजातीय जिला किन्नौर में पशुपालन को बढ़ावा देने में किसान क्रेडिट कार्ड सुविधा ग्रामीणों के लिए साबित हो रही मददगार ।
- मौसम विभाग के अनुसार कल से मॉनसून के फिर से सक्रिय होने की संभावना।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चौनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़.ऑन.एआईआर मोबाइल ऐप पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा।

केंद्र सरकार–चीनी

केंद्र सरकार ने चीनी की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा मासिक कोटा प्रणाली के स्थान पर अगले महीने से पखवाड़े के आधार पर चीनी आवंटन प्रणाली शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत चीनी मिलों को पहले सप्ताह में कम से कम 40 प्रतिशत आवंटन और शेष मात्रा अगले सप्ताह में बेचनी होगी।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता आज लोक भवन में प्रदेश उच्च न्यायालय में दो न्यायाधीशों तथा एक अतिरिक्त न्यायाधीश को शपथ दिलाएंगे। चिराग भानु सिंह व भूपेश शर्मा को न्यायाधीश तथा योगेश जस्वाल को अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह सायं पांच बजे आयोजित होगा।

किन्नौर–केसीसी

जनजातीय जिला किन्नौर में पशुपालन को बढ़ावा देने और किसानों की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड यानी केसीसी सुविधा किन्नौर के ग्रामीणों के लिए मददगार साबित हो रही है। इसके तहत गाय सहित दुधारू पशुओं के पालन–पोषण के लिए पशुपालकों को कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा मिल रही है। पशुपालक केसीसी के लिए अपने नजदीकी बैंक की शाखा या पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। जहां उन्हें वर्तमान नियमों के अनुसार ऋण सीमा, ब्याज दर, पात्रता और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी जाएगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददता

*गाय पालन के लिए एक गाय पर एक लाख 12 हजार 859 रुपये तक केसीसी ऋण की सीमा निर्धारित हो सकती है। इस हिसाब से पात्र पशुपालक जरूरत और बैंक के नियमों के अनुसार लगभग 2 लाख रुपये तक की केसीसी सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि वास्तविक ऋण सीमा पशुओं की संख्या, निर्धारित दर, किसान की जरूरत और बैंक के आकलन के आधार पर तय होगी।*

*केसीसी से मिलने वाली राशि का इस्तेमाल गाय के लिए चारा, दाना, पशु चिकित्सा, दवाइयां और रखरखाव से जुड़े जरूरी खर्चों को पूरा करने में किया जा सकता है। यदि किसान निर्धारित नियमों के अनुसार समय पर ऋण का भुगतान करता है, तो उसे अतिरिक्त ब्याज राहत यानी समय पर भुगतान प्रोत्साहन का लाभ मिल सकता है। इससे किसान पर ऋण का ब्याज भार कम हो सकता है।*

जनहित सूचना

कड़छम–वांगतू जलविद्युत परियोजना प्रबंधन ने आम लोगों जनता, स्थानीय लोगों, पर्यटकों और श्रमिकों से अपील की है कि वे सतलुज नदी के किनारों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और इस दौरान नदी के पास न जाएं। परियोजना प्रबंधन के अनुसार कड़छम बांध में पानी का प्रवाह लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते बांध से कभी भी पानी छोड़ा जा सकता है। प्रबंधन ने बताया कि पानी छोड़े जाने के दौरान लोगों को सतर्क करने के लिए हूटर और सायरन बजाए जाएंगे। परियोजना प्रबंधन ने सभी लोगों से अपील की है कि चेतावनी मिलने पर नदी और जलधाराओं से तुरंत सुरक्षित दूरी बनाए रखें और प्रशासन तथा परियोजना प्रबंधन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

भाजयुमो–रोष

स्पीति के मुद् गांव के फरा पुल के निर्माण में हो रही देरी को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा स्पीति मंडल ने प्रदेश सरकार और प्रशासन के प्रति रोष जताया है। विस्तृत ब्यौरा हमारे लाहौल–स्पीति जिला संवाददाता से

*भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दोरजे नमग्याल का कहना है कि वर्षों पुरानी मांग पर समय रहते कार्रवाई न होने से ग्रामीणों को जोखिम उठाना पड़ रहा है। हाल ही में सामने आए एक वीडियो का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण उफनती नदी को ट्रैक्टर के जरिए पार करते नजर आए। नदी का बहाव तेज होने के कारण ट्रैक्टर भी बहते–बहते बचा। ग्रामीणों को मवेशियों के लिए घास और जरूरी सामान लाने के लिए इस जोखिम भरे रास्ते का सहारा लेना पड़ रहा है। दोरजे नमग्याल ने प्रदेश सरकार से मुद–फरा पुल के निर्माण को तत्काल स्वीकृति देने और कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की मांग की है।*

कुल्लू–फोस्टर केयर

कुल्लू जिला में बच्चों के संरक्षण व कल्याण के लिए गठित स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर अनुमोदन समिति की बैठक एडीएम सुरजीत सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के समक्ष विभिन्न विकास खंडों से प्राप्त 61 नए मामलों को मंजूरी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त, बैठक में पहले से चल रहे एक हजार 97 मामलों की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई, ताकि पात्र बच्चों को मिल रही वित्तीय सहायता निरंतर जारी रह सके। बैठक में बताया गया कि स्पॉन्सरशिप योजना के तहत ऐसे बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जो किसी संकट की स्थिति के कारण अपने जैविक माता–पिता, एकल माता–पिता अथवा विस्तारित परिवार जैसे नाना–नानी या दादा–दादी के साथ रह रहे हैं। पात्र बच्चों को 4,000 रुपये प्रतिमाह की सहायता 18 वर्ष की आयु तक प्रदान की जाती है। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित बच्चों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य, शिक्षा एवं संपूर्ण विकास से जुड़ी आवश्यकताओं के लिए पूरक सहायता समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाई जाए।

जनगणना

प्रदेश के बर्फबारी वाले इलाकों में जनगणना का दूसरा चरण पहली सितम्बर से शुरू हो रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य, रोजगार, शिक्षा और अन्य सामाजिक पहलुओं से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। सिरमौर ज़िले में भी नौहराधार क्षेत्र के बर्फबारी प्रभावित 10 गांवों में इस दौरान जनगणना की जाएगी। उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने सभी लोगों से जनगणना कार्य में सहयोग की अपील की है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार कल से मॉनसून फिर सक्रिय हो सकता है। सोलन जिला के परवाणु में कल शाम भारी बारिश हुई जिससे जनजीवन अस्त–व्यस्त हुआ है। बारिश से परवाणु के सेक्टर–2 टकसाल रेलवे फाटक के पास तथा आस–पास के उद्योगों में पानी घुस गया। मूसलाधार बारिश के कारण कालका शिमला रेलवे ट्रैक पर शिमला से कालका जा रही चार ट्रैनों को रद्द करना पड़ा। प्रदेश में भूस्खलन से अभी तक 54 सड़कें बाधित हैं जबकि वर्षा से बाधित हुई सभी पेयजल योजनाओं को ठीक कर दिया गया है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है–सोलन से होगी मुफ्त 300 यूनिट बिजली देने की शुरूआत। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–मछुआरों के खाते में डाले 35 लाख–मुख्यमंत्री मत्स्य सम्मान निधि योजना के तहत वित्तीय सहायता जारी। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–बद्दी में बिना पंजीकरण आवंटित भूमि को रद्द करने पर विचार करेगी सरकार जबकि दैनिक भास्कर का कहना है–देहरा से शुरू होगी प्रदेश की पहली ओजोन पेयजल परियोजना। दैनिक जागरण का शीर्षक है–हिमालयी क्षेत्र में परियोजनाओं की सुरक्षा पर पीएमओ सतर्क। पंजाब केसरी की सुर्खी है–2 सौ 31 करोड़ की संदिग्ध बिलिंग का खुलासा, 41 करोड़ 61 लाख की आई.जी.एस.टी. / आई.टी.सी. जांच के घेरे में। दैनिक भास्कर के मुताबिक–मंडी के चेलंग में भूस्खलन, प्रशासन ने गांव के 4 परिवारों को दूसरी जगह शिफ्ट होने को कहा। अमर उजाला की एक अन्य ख़बर है–स्वाइन फ्लू से बुजुर्ग की मौत, दो और पॉजिटिव।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में साझा करेंगे अपने विचार ।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता आज लोकभवन में प्रदेश उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों व एक अतिरिक्त न्यायाधीश को दिलाएंगे शपथ।
- जनजातीय जिला किन्नौर में पशुपालन को बढ़ावा देने में किसान क्रेडिट कार्ड सुविधा ग्रामीणों के लिए साबित हो रही मददगार ।
- मौसम विभाग के अनुसार कल से मॉनसून के फिर से सक्रिय होने की संभावना।

———————————